तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 2 मई 2024



11 भजन-कीर्तन के साथ निकाली जा रही...





12 उदंती अभ्यारण्य के अंदरुनी इलाकों में ...






# कर्ज उतारने 6 माह से आंध्र के ईंट भट्ठे में तप रहे दंपति, बेबस परिवार पैसों की लालच में करते हैं पलायन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

काम की तलाश में सैकड़ों परिवार बाहर निकलते हैं, इनमें से कई ऐसे हैं जो कभी लौटकर वापस नहीं आते। वहीं परिजन केवल उनका इंतजार करते रह जाते हैं। ऐसे लाचार और बेबश परिवारों की सुध लेने वाला भी कोई नहीं है। बावजूद इसके परिजनों को विश्वास कि उनके प्रियजन लौटकर आएंगे।

छत्तीसगढ़ में मनरेगा में काम के बावजूद लोग आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और गुजरात जैसे राज्यों में काम की तलाश में पलायन कर जाते हैं। पलायन करने वाले मजदूर परिवार की सुरक्षा की गारंटी कोई नही देता। लेकिन परिवार चलाने के लिए जान जोखिम में डाल बाहर जाने की मजबूरी कभी खत्म नही होते दिख रही है। अकेले देवभोग ▸▸ शेष पेज 11 पर

### 6 साल से नहीं लौटा अनुर्जय

घोघर ग्राम में कच्चे मकान में रहने वाला अनुर्जय अक्टूबर 2018 में घर से कमाने-खाने बाहर गया था। तब बेटा चौधरी महज 6 साल का था। आंध्र प्रदेश के लिए निकला अनुर्जय आज तक वापस नही लौटा। पत्नी कमले बाई नेताम हर दिन मांग में पति के नाम की सिंदूर लगाती है। मजदूरी कर बेटे का भरण पोषण कर रही है। पत्नी ने बताया की घर से निकलने के बाद दोबारा आज तक उनकी कोई खबर नहीं मिली। पत्नी आज भी अपने पति की बाट जोह रही है।

### कोई 6 साल से नहीं लौटा घर, तो किसी का शव पहुंचा घर



### दिव्यांग बहन बेवा भाभी के हवाले

सुपेबेडा निवासी रवि आडिल की मौत 2007 में हो गई,साल भर बाद किडनी रोगी पत्नी सुका बाई की भी मौत हुई माता की बर्शी होते होते बीमार बड़े बेटा पीतम आडील भी किडनी रोग का ग्रास बना। घर की जवाबदारी छोटे भाई जगदीश पर आ गई, इलाज में सब कुछ गंवा चुका जगदीश 2009 में आंध्र प्रदेश कमाने निकला। दिव्यांग बहन पद्मा को बेवा भाभी के हवाले छोड़ गया। जगदीश तो लौटा नही ना ही उसका कोई पता चल पाया। आज बेवा प्रेम बाई सिलाई मशीन के सहारे अपने दो बच्चे व ननंद की परवरिश कर रही है। पीटापारा निवासी जयशन यादव भी 16 साल की उम्र में गुजरात जाने वर्ष 2007 को घर से निकला था, पर आज तक नही लौटा, परिवार वाले इंतजार कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### बेबी संस्कृति कक्षा में रही प्रथम



**गरियाबंद।** ग्राम बोड़की निवासी शिक्षक देवेंद्र साहू व आरएचओ चुनेश्वरी साहू की सुपुत्री संस्कृति साहू ने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल फिंगेश्वर में कक्षा प्रथम में 100% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कुमारी संस्कृति की इस उपलब्धि को देखकर पूरे क्षेत्र व गांव के लोग उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। बच्ची की उपलब्धि पर भोजराम साहू, रेवती साहू, संस्कार साहू, सरिता साहू, पिंकी साहू, वालिता साहू, स्कूल स्टाफ ने बधाई दी है।

### ग्रामीणों की बीईओ से मांग शिक्षक को वापस भेंजे

**राजिम।** लचकेरा के ग्रामीण एवं शाला विकास समिति द्वारा अपने शिक्षक डागेश्वर ध्रुव को मूल शाला शासकीय प्राथमिक शाला लचकेरा में वापस करने की मांग विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनेश जोशी से किया है। डागेश्वर ध्रुव प्रधान पाठक के पद पर अपने मूल शाला शासकीय प्राथमिक शाला लचकेरा में पदस्थ है। लेकिन विगत कुछ वर्षों से संकुल समन्वयक एवम शासकीय प्राथमिक शाला कोलिहाटाड़ कौंदकेरा में संलग्न है। जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रहा है। बता दें कि लचकेरा में पहले से ही शिक्षक की कमी है, जिसके चलते ग्रामीणों ने स्थानीय व्यवस्था के तहत ग्राम के बेरोजगार युवकों को मानदेय पर रखा है। ग्रामीणों ने बीईओ फिंगेश्वर से डागेश्वर ध्रुव को तत्काल उनके मूल शाला में वापस करने की मांग की है।

### कांग्रेस ने जताया आभार



**छुईहा बेलर।** महासमुंद लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू एवं जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद अध्यक्ष भावसिंह साहू ने मतदाताओं, कार्यकर्ताओं और जिला प्रशासन गरियाबंद सुरक्षा में लगे पुलिस फोर्स के प्रति आभार व्यक्त किया है। प्रत्याशी साहू ताम्रध्वज के साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष भावसिंह साहू ने कहा है कि मतदाता बदलाव के पक्ष में हैं यही कारण है कि हर जाति, धर्म के लोगों ने कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया। महिलाओं ने विशेष समर्थन मिला है। दोनों ने महासमुंद लोकसभा की जीत का दावा करते हुए सभी के प्रति प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

### मुखबिरी की आशंका में मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** मुखबिरी की आशंका के चलते युवक से मारपीट का मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि प्रार्थी उत्तम कुमार हरबंश पिता अर्जुनलाल हरबंश (38) निवासी जेलपारा बेमचा के साथ गांव के आरोपी राकेश सात्रा पिता बेनोराम ने मुखबिरी करने की बात करते हुए गाली गलौज, हाथ मुक्का, लोहे की राड से मारपीट कर चोट पहुंचाया और जान से मारने की धमकी दी।

## वनोपज : एक सप्ताह की कमाई से आधे साल का गुजारा

# मैनपुर क्षेत्र के तेंदूपत्ता की मांग विदेशों में भी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

छत्तीसगढ़ के प्रमुख वनोपज में हरा सोना जिसे तेन्दूपत्ता कहा जाता है, गरियाबंद जिले के मैनपुर देवभोग क्षेत्र में 1 मई से तेन्दूपत्ता की तोड़ाई प्रारंभ हो गया है। तेन्दूपत्ता के लिए ग्रामीण सालभर इंतजार करते हैं। महज एक से ढेड़ सप्ताह तेन्दूपत्ता तोड़ाई के बाद उससे मिलने वाली आय से आधे साल का गुजारा चलता है।

गर्मी का मौसम आते ही हरा सोना की पैदावार शुरू हो जाती है, तेन्दूपत्ता का इस्तेमाल बीड़ी बनाने में होता है। अप्रैल के अंतिम सप्ताह तथा एक मई से हर वर्ष इसकी तोड़ाई प्रारंभ होता है। हरा पत्ता अच्छा उत्पादन हो इसके लिए ग्रामीण दो माह पहले शाख कर्तन करते हैं तब कही जाकर हरा सोना मिल पाता है।

### 83 हजार मानक बोरे का लक्ष्य

जिला अंतर्गत देवभोग वन परिक्षेत्र की समितियों में तेन्दूपत्ता का संग्रहण कार्य 28 अप्रैल से तथा गरियाबंद, धवलपुर, नवागढ़, परसुली एवं छुरा, मैनपुर, तौरेंगा एवं कुल्हाड़ीघाट परिक्षेत्र की समितियों में बुधवार 1 मई से प्रारंभ हो चुका है। जिला यूनियन गरियाबंद का संग्रहण वर्ष 2024 में तेन्दूपत्ता संग्रहण लक्ष्य 83000 मानक बोरा रखा गया है। विगत वर्ष गरियाबंद जिले में कुल 77606.433 मानक बोरा तेन्दूपत्ता संग्रहण किया गया था, जिससे 62094 तेन्दूपत्ता संग्राहकों को राशि 31,04,25,732 रूपये पारिश्रमिक मिला था।



**तौरेंगा और कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र के पत्तों की ज्यादा मांग**

मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के तौरेंगा और कुल्हाड़ीघाट परिक्षेत्र के जंगलों से प्राप्त होने वाले तेन्दूपत्ता की मांग विदेशों में भी होती है और इस क्षेत्र के तेन्दूपत्ता को काफी अच्छी गुणवत्ता वाला माना जाता है। करोड़ों और अरबों में इसका कारोबार होता है। गरियाबंद उपवनमंडलाधिकारी द्वारा मैनपुर और जोबा क्षेत्र में तेन्दूपत्ता खरीदी कार्य का निरीक्षण कर संग्राहकों को उत्तम गुणवत्ता के तेन्दूपत्ता लाने की समझाईस दिया गया है।

### समितियों में तैयारियां पूरी

वनमंडलाधिकारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि पूरे वनमण्डल के समस्त 70 समितियों हेतु अग्रिम में क्रेता नियुक्त किए जा चुके हैं, तेन्दूपत्ता संग्रहण हेतु पूरी तैयारी वनविभाग के द्वारा किया जा चुका है। फड़ों पर जिला कार्यालय एवं वन विभाग के समन्वय से फड़ अभिरक्षक, जोनल अधिकारियों की नियुक्ति की जा चुकी है। वर्ष तेन्दूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक 5500 रुपए प्रति मानक बोरा निर्धारित किया गया है। इससे संग्राहकों में अत्यंत उत्साह है। संग्रहण लक्ष्य अनुसार इस वर्ष जिले में संग्रहण पारिश्रमिक की राशि 45.65 करोड़ रूपये का भुगतान किया जावेगा, जिसके तहत जिले में लगभग 66000 तेन्दूपत्ता संग्राहक परिवार लाभान्वित होंगे।

## तेंदूपत्ता तोड़ाई जोरों पर, जंगल आबाद व ग्रामों में वीरानी

**रसेला।** वनांचल क्षेत्र में बुधवार को तेंदूपत्ता तोड़ाई काम शुरू हो गया है। लोग आधी रात को के बाद ही पत्ता तोड़ने जंगल की ओर निकल पड़ते हैं। सुबह चार बजे परिवार के सदस्य घर में ताला लगाकर तेंदूपत्ता तोड़ाई के लिए निकल गये थे। गांव की गलियों में वीरानी नजर आ रही है। बच्चों के स्कूलों की छुट्टी होने से मां-बाप भी अपने बच्चों को साथ में ले जा रहे हैं और परिवार के सभी सदस्य पत्ता तोड़ाई कर रहे हैं। जिसका नजारा बुधवार सुबह देखने को मिला।

**तड़के निकल रहे घरों से :** सुबह 4 बजे घर से निकले कर 10 से 11 बजे तेंदूपत्ता तोड़ाई कर घर वापस हुए। दिनभर 25-25 पत्तों का बंडल बनाकर शाम को बेचने फड़ जाते हैं। जहां अंचल में महिलाएं तेंदूपत्ता तोड़कर घर वापसी हो रही थी और कुछ जगहों पर बच्चे अपनी



मां के साथ तेंदूपत्ता तोड़ते नजर आए। ज्ञात हो कि छुरा परिक्षेत्र के अंतर्गत 17 समितियों में एक साथ तेंदूपत्ता तोड़ाई का कार्य शुरू किया गया है। हर वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष तेंदूपत्ता खरीदी की राशि में बढ़ोतरी हुई है।

### प्रति मानक बोरा 5500 रूपए

प्रति मानक बोरा 5500 रूपए हो गया है। साधन के अभाव में कई किलोमीटर पैदल चलकर लोग पत्ता तोड़ रहे हैं। वहीं जिनके पास साधन के रूप में साइकिल और मोटर साइकिल है वो वाहनों से तेंदूपत्ता तोड़कर घर पहुंचा रहे हैं। गांवों में कोटवार द्वारा मुनादी कराया गया है कि अच्छा वाला पत्ता तोड़कर लाना और गट्टी में 25 - 25 पत्ते बांधना फटे हुए व खराब पत्ते मत लाना, साथ ही दूसरे जगहों से खरीद कर पत्ता लाना और बेचना सक्त मना किया गया है।

# तेंदुए ने रात में किया 3 बछड़ों का शिकार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा

तेंदुए के आतंक से क्षेत्र के लोग काफी दहशत में हैं। वहीं 28 अप्रैल की रात ग्राम दुल्ला के जनपद सदस्य दीपक चंद्राकर के घर के कोठे से तेंदुए ने तीन बछड़ों का एक साथ शिकार कर दिया। वहीं गांव के ही पन्ना ध्रुव के बछड़े का शिकार का प्रयास तेंदुआ के द्वारा किया गया था। लेकिन आवाज देने के बाद वह जंगल की ओर भाग निकला, इसके बाद घायल बछड़े का ईलाज कराया गया।

- ग्राम दुल्ला में तेंदुए के आतंक से ग्रामीण दहशत में

इस संबंध में वन विभाग एवं पशु विभाग के अधिकारियों को सूचना दे दिया गया है। क्या रिहाइशी इलाके के समीप तेंदुआ पानी की तलाश में पहुंचता है या फिर पशुओं के शिकार के लिए? ये एक विचारणीय प्रश्न है।किंतु रिहाइशी इलाके में तेंदुआ के आक्रामक घटनाओं को देखकर ग्रामीण अंचलों में दहशत का माहौल बना हुआ है। वहीं वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा मानिटरिंग की बात कही जाती है, लेकिन घटनाओं में कमी नहीं आ रही है। कुछ जागरूक किसान देख लेने के बाद वन विभाग एवं पशु विभाग को खबर कर पोस्टमार्टम करवाते हैं मुवावजे के लिए और जो समय पर नहीं देख पाते वे नहीं करवा पाते हैं। वन विभाग को इस प्रकार की घटनाओं पर विशेष ध्यान देते हुए मानिटरिंग में तेजी लाने का प्रयास करना चाहिए। जिससे पशु पालकों को नुकसान न उठाना पड़े और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में दहशत कम हो।

## उफ ये गर्मी...जलक्रीड़ा का आनंद लेते बच्चे



**पांडुका।** शहरों की तरह गांव में स्विमिंग पूल तो होता नहीं है पर प्रकृतिक से जुड़े बच्चे गांव के पोखरों, तालाबों एवं नदी-नालों में गर्मी के दिनों में जलक्रीड़ा का आनंद लेते हैं। पांडुका अंचल के अंदरुनी ग्रामों में ऐसा नजारा आम है। अंचल में भीषण गर्मी पड़ रही है, ऐसे में बच्चे नहाने का आनंद ले रहे हैं जो तौरेंगा जलाशय से रबी फसल के लिए छोड़े गए छोटे कैनाल जिसे गांव में नाली के नाम से जाना जाता है। जिसमे बच्चे उछलकूद करते हुए मौज-मस्ती के साथ गर्मी की छुट्टी बिता रहे हैं।

### बिजली विभाग दे रहा दुर्घटना को आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोपरा

क्षेत्र के ग्राम पंचायत रोहिना के आश्रित ग्राम सेमहराडीह में बिजली विभाग की लापरवाही देखने को मिल रही है। गांव में प्रवेश से पहले सड़क किनारे बने ट्रांसफार्मर में खुले सर्किट व तार जमीन से महज दो से तीन फिट की ऊंचाई पर है। यह मवेशी व राहगीर के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। गर्मी की छुट्टी में छोटे बच्चे सुबह-सुबह साइकल में घूमने व खेलने जाते रहते हैं। ऐसे में करंट लगने का खतरा बना हुआ है, यह सीधे-सीधे जानलेवा हो सकता है। गांव के मवेशी भी उस राह से गुजरते हैं और खुली तार किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है।



# असामाजिक तत्वों ने किया शिवलिंग खंडित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम

ग्राम दुतकैया के पुराना तालाब में स्थित बाबेश्वर शिवलिंग को असामाजिक तत्वों के द्वारा तोड़फोड़ कर शराब के खाली बोतलों को पटक कर शिवलिंग एवं नंदी महराज को क्षतिग्रस्त व खंडित कर हिंदुओं के धार्मिक भावना को ठेंस पहुंचाने का काम किया गया है। बुधवार सुबह ग्रामीणों को जानकारी होने पर ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष बोधन साहू, सचिव जितेंद्र यादव के नेतृत्व में बैठक कर सैकड़ों आक्रोशित ग्रामीण थाना राजिम पहुंचे और लिखित में शिकायत दर्ज कराया। पुलिस अधीक्षक गरियाबंद के नाम ज्ञापन देकर अज्ञात असामाजिक तत्वों का पता कर शीघ्र गिरफ्तारी की मांग किया गया। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रुप से ग्राम पटेल लखन साहू, भूपेंद्र साहू, आनंद राम साहू,

- एसपी के नाम ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



मदनलाल साहू, रामावतार यादव, दुर्गेश साहू, लीलेश कुमार, किरण कुमार, मिथलेश, धनेश साहू, विकास, शिवप्रसाद साहू, किशन साहू, हिच्छा राम,दीपक शुभम साहू शामिल है। प्रशासन, ग्रामीणों के आक्रोश को भांपकर तहसीलदार राजिम व थाना प्रभारी राजिम के नेतृत्व में स्थल मुआयना किया व नवीन शिवलिंग का प्राण-प्रतिष्ठा कराया गया।

## ग्राम पंचायत रजनकटा का मामला, आवेदन पर नहीं दी जानकारी


# आरटीआई को पंचायत सचिव ने दिखाया ठेंगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पांडुका

ग्राम पंचायत रजनकटा का विवादों से चोली-दामन का साथ है और इसी को देखते हुए ग्रामीण ने 15 जनवरी 2024 को सूचना के अधिकार के तहत दो आवेदन ग्राम पंचायत के जनसूचना अधिकारी सचिव युवराज साहू को दिया पर जनसूचना अधिकारी ने इस आवेदन को ठेंगा दिखाते हुए सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की जानकारी देना अपने शान के खिलाफ समझा और महीना बीत जाने के बाद तय सीमा में जानकारी नहीं दी।

- आवेदक ने कहा, अब उच्चाधिकारियों से होगी शिकायत

**प्रथम अपीलीय अधिकारी को सौंपा आवेदन :** जानकारी नहीं मिलने के बाद आवेदक ने जनपद पंचायत छुरा में प्रथम अपील अधिकारी जनपद पंचायत छूरा को अपना आवेदन सौंपा। आवेदन का निराकरण के लिए प्रथम अधिकारी अपीली अधिकारी जनपद पंचायत छुरा ने 9 अप्रैल 2024 को प्रथम अपील के तहत दोनों पक्षों को अपने केबिन में बुलाया। जिस पर जनसूचना अधिकारी रजनकटा युवराज साहू को लताड़ लगाई और एक आवेदन का जिसमें 15वें वित्त से संबंधित जानकारी एवं कैश बुक की जानकारी मांगी गई थी। उसको 7 दिवस के अंदर जानकारी देने की बात कही।









### नोटिस दिया जाएगा : सीईओ

प्रभारी सीईओ जनपद पंचायत छूरा रूपसिंग ध्रुव, सचिव द्वारा मुझे भी कोई जवाब नही दिया गया है और पता कर लेता हूं नोटिस गया है कि नहीं.... कुछ देर बाद पता करके बताया गया चुनाव ड्यूटी की वजह से नोटिस अभी नही भेजा गया है मैं नोटिस भिजवाता हूं।

### दूसरे आवेदन का नहीं दिया जवाब

7 दिवस से अधिक समय बीत जाने के बाद भी जानकारी नहीं दी गई एवं दूसरे आवेदन को जिसमें वर्तमान सरपंच के कार्यकाल की विकास कार्यों की जानकारी चाही गई थी। उस पर जवाब न देना स्वीकार किया, जिस पर प्रथम अपीलीय अधिकारी ने जन सूचना अधिकारी रजनकटा को नोटिस देने की बात कही थी। ऐसे में क्या विकासखंड छुरा के ग्राम पंचायतो मे भारी गड़बड़ी की गई है? जो सूचना का अधिकार के तहत जानकारी मांगने पर नहीं दिया गया। आम जनता के लिए पारदर्शी यह कानून को जन सूचना अधिकारी के रूप में कार्यरत पंचायत सचिवों द्वारा ठेंगा दिखाया जा रहा है। इस बात से दुखी आवेदक अब द्वितीय अपील जिला पंचायत सीईओ सहित सचिव की शिकायत आयोग तक करने की बात कह रहा है।


## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय ने पत्रिका का किया विमोचन



रायपुर। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी के ध्वजारोहण व जन्मकल्याणक महोत्सव की पत्रिका का विमोचन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को किया। इस अवसर पर दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद, महासचिव महेंद्र कोचर, ट्रस्टी द्वय जय सांखला व योगेश बंगानी ने गुलाब फूल से मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से शॉल ओढ़ाकर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया गया व पत्रिका, श्रीफल से मुख्यमंत्री को ध्वजारोहण कार्यक्रम में 2 व 3 मई के लिए आमंत्रित किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने रात्रिकालीन प्रभु भक्ति में सम्मिलित होने की स्वीकृति प्रदान की। इसी दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेंद्र कोचर ने मुख्यमंत्री को शीघ्र जैन गौशाला की स्थापना संबंधित जानकारी दी।

### नहीं होगी पानी की कमी चटौद नहर का पानी आ रहा

रायपुर । धमतरी के चटोद में स्थित शाखा नहर को खारुन नदी से जोड़कर शहर के लिए पानी की व्यवस्था की गई। इससे पहले शहर में पानी के इंतजाम के लिए काठाडीह एनीकेट और मुर्रा नहर को खुलवा लिया गया। इसके बाद तरीघाट एनीकेट के दो गेट खुलवा दिए गए। जल विभाग के कार्यपालन अभियंता जल नरसिंह फरेंद्र ने काठाडीह और मुर्रा एनीकेट को जाकर देखा। मुर्रा एनीकेट खाली हो चुका था। किंतु चटोद नहर का पानी वहां पहुंचने लगे है। जिसे देखकर जल संग्रहन हेतु मुर्रा और एनीकेट के एक गेट को बन्द कर देने के लिए कहा गया है।

### मतदान केंद्रों में व्यवस्था बनाने जुटा निगम

रायपुर । निगम क्षेत्र के करीबन 750 मतदान केंद्रों में मतदान दलों के लिए टेबल - कुर्सियां लगाने का काम सोमवार से से प्रारंभ कर दिया गया है। साफ सफाई का कार्य भी वहां किया जा रहा है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर शहर के सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं के क्षेत्रों का नाम लिखने का कार्य पूर्णता की ओर है। जिससे मतदाता इधर उधर ना भटककर अपने केंद्र में सीधे पहुंच सकें। इसके अलावा मतदान केंद्रों में प्रकाश तथा गर्मी से बचाव हेतु भी इंतजाम किया जा रहा है। जिली के बोर्ड जहां क्षतिग्रस्त हो गए हैं उनकी भी मरम्मत या नया बोर्ड लगाने का कार्य किया जा रहा है। मतदान दल अपने मोबाईल की चार्जिंग कर सकें इसका इंतजाम किया जा रहा है। तदान केंद्रों में पेयजल के लिए कैन और घड़े का इंतजाम किया जा रहा है।

### कैट का व्यापारियों से आग्रह शत-प्रतिशत करें मतदान




रायपुर। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी की अध्यक्षता एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र दोशी की विशेष उपस्थिति में मंगलवार को कैट प्रदेश कार्यालय में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कैट राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी ने की। इस मौके पर कैट पदाधिकारियों ने प्रदेशभर के 12 लाख व्यापारियों से शत-प्रतिशत मतदान करने आग्रह किया। कैट के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया, प्रदेश में लोकसभा चुनाव दो चरणों में हो चुका है। तीसरे चरण का चुनाव 7 मई को होने जा रहा है। इस चुनाव में व्यापारियों की भूमिका सुनिश्चित करने और 100 फीसदी मतदान का लक्ष्य प्राप्त करने सभी ने संकल्प लिया है। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी ने प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों से आग्रह करते हुए कहा कि पहले मतदान फिर दुकान की थीम पर लोकतंत्र के महापर्व में सहभागी बनें।

# एसीआई में भी रिएजेंट का टोटा, नहीं हो रही कार्डियक प्रोफाइल सहित कई तरह की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

हार्ट अटैक सहित दिल की विभिन्न बीमारियों के मरीजों का आपातकालीन स्थिति में इलाज करने वाला एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट भी रिएजेंट की दिक्कत से जूझ रहा है। पिछले मई के बाद इसकी खरीदी नहीं हुई, जिसकी वजह से कार्डियक प्रोफाइल तक की जांच नहीं हो पा रही है। मरीजों का इलाज जरूरी है इसलिए चिकित्सक निजी लैब की मदद से टेस्ट करवा रहे हैं।

राज्य के अधिकतर शासकीय अस्पताल विभिन्न तरह की जांच में उपयोग आने वाले रिएजेंट की दिक्कत से जूझ रहे हैं, जिसमें सबसे बड़ा शासकीय अस्पताल भी शामिल है। हृदय से संबंधित बीमारियों के इलाज की एकमात्र व्यवस्था एसीआई के रूप में इसी आंबेडकर अस्पताल में है। यहां भी मरीजों को जांच की सुविधा नहीं मिल पा रही है। आने वाले मरीजों की हालत ऐसी होती है कि उनका तत्काल उपचार कराना जरूरी होता है। ऐसे मरीजों के सैंपल मजबूरी वश निजी लैब भेजकर टेस्ट करवाना पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार पिछले साल मई में यहां विभिन्न तरह की जांच के लिए रिएजेंट की खरीदी की गई थी, जो एक निर्धारित अवधि में उपयोग के बाद खत्म हो गई। एसीआई स्टाफ द्वारा इसकी खरीदी के लिए कालेज प्रबंधन हर महीने पत्र भेज रहा है, मगर अब तक नई खरीदी नहीं की गई है। सूत्रों का कहना है कि आने वाले मरीज के हार्ट अटैक की स्थिति जानने के लिए ट्राप आई का टेस्ट होता है।

## मरीजों का इलाज जरूरी इसलिए निजी लैब में टेस्ट मजबूरी

### कई का खर्च उठा चुका स्टाफ

सूत्रों के अनुसार इस शासकीय अस्पताल में हृदय संबंधी बीमारी की शिकायत लेकर आने वाले कई मरीजों की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर होती है। एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट के डाक्टर सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफ ऐसे मरीजों की जांच के लिए अपनी जेब से भी पैसे देते हैं।




### खोज रहे वैकल्पिक रास्ता

रिएजेंट की खरीदी सीजीएमएससी के माध्यम से होती है। उसकी ओर से अगर एनओसी भी दी जाती है, तो खरीदी के लिए टेंडर प्रक्रिया में वक्त लगेगा। आचार संहिता की वजह से इसे पूरा नहीं कर पा रहे हैं। मरीज हित का ध्यान रखते हुए इसकी वैकल्पिक व्यवस्था की कोशिश की जा रही है।

- **डॉ. तृप्ति नागरिया,** अधिष्ठाता शासकीय जेएन मेडिकल कालेज

## राजस्व विभाग को टैक्स वसूलने में होगी आसानी

# शहरभर में 1 साल में 10 हजार नए मकान का निर्माण, डीडीएन नंबर तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर।

रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र में इस साल करीब 10 हजार नये मकान का निर्माण हुआ है। इसे देखते हुए निगम के आईटी सेल ने संबंधित प्रापर्टी का डिजिटल डोर नेम प्लेट तैयार किया है। इसके माध्यम से इन संपत्तियों का अलग से यूनिक आईडी जनरेट होगा, ताकि आने वाले दिनों में नगर निगम के राजस्व विभाग को नई प्रापर्टी से प्रापर्टी टैक्स वसूलने में आसानी होगी।

- प्रापर्टी का यूनिक आईडी होगा जनरेट

दरअसल, नगर निगम द्वारा पीपीपी मोड पर 10 जोन के 70 वार्डों में अब तक 2 लाख 70 हजार घरों में 12 डिजिट का डिजिटल डोर नंबर प्लेट लगाने का काम पूरा कर लिया गया है। इसी नंबर प्लेट की प्रापर्टी आईडी के माध्यम से इस बार करदाताओं ने घर बैठे 18 करोड़ का टैक्स भुगतान घर बैठे कर दिया। नई कालोनी व नये मकान शहर में इस साल भी बन रहे हैं। उनकी गणना करके 10 हजार नंबर प्लेट तैयार किये गये हैं, ताकि नागरिकों को नगर निगम से जुड़ी सेवाएं प्राप्त करने निगम मुख्यालय व जोन दफ्तर के चक्कर न काटने पड़े।

**खास बातें**

- इस बार करदाताओं ने घर बैठे 18 करोड़ का टैक्स भुगतान घर बैठे कर दिया
- नई कालोनी व नये मकान शहर में इस साल भी बन रहे हैं
- अधिकारियों को लगातार 2 साल से टैक्स जमा नहीं करने वालों की सूची तैयार करने का दिया आदेश

दुकानों के किराया बढ़ाने का प्रस्ताव शासन के पास अनुमति के लिए भेजा था



### दुकान किराया बढ़ाने शासन के पास प्रस्ताव लंबित

नगर निगम की शहरभर में 4400 दुकानें किराये पर चल रही हैं। इनमें से कुछ दुकानें मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत शहर के अलग-अलग लोकेशन पर आवंटित हैं। इनका किराया बढ़ने का एक अलग स्लॉट बना है, पर गोलबाजार, गंज मंडी की दुकानों का किराया एक अरसे से नहीं बढ़ा। दुकानों के किराया बढ़ाने का प्रस्ताव महापौर एजाज ढेबर की परिषद ने पिछले साल की सामान्य सभा से पारित कर शासन के पास अनुमति के लिए भेजा था। शासन स्तर पर इसकी मंजूरी लंबित है। इसी तरह सालों से खाली पड़ी दुकानों को लीज की जगह किराये पर देने का प्रस्ताव भी भेजा गया है।

### इस बार 350 करोड़ प्रापर्टी टैक्स वसूली का टारगेट

नगर निगम ने वर्ष 2024-25 के लिए इस बार प्रापर्टी टैक्स वसूली का टारगेट 350 करोड़ रुपये कर दिया है। पिछले वित्तीय वर्ष में निगम आयुक्त ने राजस्व अमले को 285 करोड़ की राजस्व वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया। इसकी तुलना में राजस्व महकमा ने 300 करोड़ की राजस्व वसूली की। अबकि बार 350 करोड़ के प्रापर्टी टैक्स वसूली का टारगेट पूरा करने नगर निगम का फोकस ऐसे करदाताओं पर रहेगा, जिन्होंने 2 वर्ष या उससे अधिक का संपत्ति कर नगर निगम को भुगतान नहीं किया है। राजस्व विभाग के उपायुक्त डॉ. आरके डोंगरे ने जोन के राजस्व अधिकारियों को लगातार 2 साल से टैक्स जमा नहीं करने वालों की सूची तैयार करने का आदेश दिया है।

# श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह पर श्रद्धालुओं ने बरसाए फूल



हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

श्रीमद भागवत कथा के दौरान प्रवचनकर्ता ने भक्तों को सचेत किया कि अक्षय तृतीया पर्व और रामनवमी पर्व पर गांव-गांव में लोग अपने बच्चों का विवाह नाबालिग यानी बहुत ही कम उम्र में कर देते हैं, जो सही नहीं है। जब कन्या घर गृहस्थी चलाने लायक हो जाए , तब 18 साल के बाद सही उम्र में ही विवाह करना चाहिए, ताकि वैवाहिक जीवन सुखमय रहे, क्योंकि रुक्मिणी जब विवाह के लायक हो गई, तभी उनका विवाह हुआ। ये बातें महामाया मंदिर के सामने चल रहे श्रीमद भागवत कथा में भागवताचार्य पं. मनोज शुक्ला ने मंगलवार को कही। उन्होंने आगे कहा कि रुक्मिणी साक्षात लक्ष्मी स्वरूपा और श्रीकृष्ण साक्षात भगवान विष्णु ही हैं। हर अवतार में हर युग में दोनों की जोड़ी हमेशा रही है। भगवान श्रीकृष्ण रुक्मिणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। झांकी में श्रीकृष्ण रुक्मिणी की वरमाला पर जमकर फूलों की बरसात हुई। जो भक्त प्रेमी श्रीकृष्ण-रुक्मिणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं, उनकी वैवाहिक संबंधित समस्या दूर हो जाती है।

### अच्छे घर और अच्छे वर की होती है प्राप्ति

भागवताचार्य ने कन्हैया के महर्षि संदीपनी आश्रम उज्जैन में विद्या ग्रहण, कालयवन का वध, महारास, उद्धव गोपी संवाद, उद्धव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका नगरी की स्थापना एवं रुक्मिणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण कथा का गुणगान किया गया। पं. शुक्ला ने कहा, इस प्रसंग को श्रद्धापूर्वक श्रवण करने से लड़कों को अच्छी कन्या तथा कन्याओं को अच्छे घर और अच्छे वर की प्राप्ति होती है एवं दांपत्य जीवन सुखद रहता है। श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह में संगीत के साथ विवाह, तेल हल्दी, चूलमाटी के गीत गाए तो श्रद्धालु झूमने लगे।

# जमीन का मूल्यांकन कलेक्टर रेट या अधिग्रहण की कीमत पर होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

रियल स्टेट रेग्युलरिटी अथारिटी यानी रेरा ने रियल एस्टेट कंपनियों की जमीनों के मूल्य के निर्धारण को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है। दरअसल कई बार भूमि की लागत के मूल्यांकन के लिए अपनाई जाने वाली व्यवस्था को लेकर अराजकता हुई है, जो किसी परियोजना की कुल परियोजना लागत का एक प्रमुख घटक माना जाता है। इस मामले को लेकर रेरा स्पष्टीकरण भी जारी किया है।




### ये है स्पष्टीकरण

रेरा द्वारा जारी पत्र के मुताबिक भूमि के मूल्य को लेकर ये स्पष्टीकरण दिया गया है कि भूमि की लागत का मूल्यांकन परियोजना के प्रारंभ होने की तिथि पर कलेक्टर के दिशानिर्देश मूल्य या अधिग्रहण की लागत, जो भी अधिक हो, के अनुसार किया जाएगा। भूमि की दर एवं मूल्यांकन के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर निर्धारित नवीनतम दिशानिर्देश दर मान्य होगी। भूमि की श्रेणी अर्थात क्या डायवर्टेड, गैर डायवर्टेड, कृषि या गैर कृषि, उस तारीख को भूमि की स्थिति के आधार पर निर्धारित की जाएगी जब मालिक का नाम पहली बार भूमि रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा। ऐसे मामलों में जहां भूमि को भूमि के विकास के उद्देश्य से साझेदारी, जेवी (ज्वाइंट वेंचर) कंपनी की योजना में स्थानांतरित किया जाता है, तो भूमि की श्रेणी आवश्यक परिवर्तनों के साथ उस मालिक की होगी, जिससे भूमि विकास के उद्देश्य से हस्तांतरित की गई है।

# उत्साह के साथ मनाया विश्व सेवा-सत्संग दिवस



रायपुर। योग वेदांत सेवा समिति, रायपुर द्वारा वीआईपी रोड स्थित आश्रम 'विश्व सेवा-सत्संग दिवस पर गरीब परिवार व जरूरतमंदों के लिए भंडारा का आयोजन किया गया। इसके साथ ही घरेलू उपयोग की जरूरत की सामग्री का निःशुल्क वितरण किया गया।

राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन परिसर में आम जनता को भीषण गर्मी से बचाने निःशुल्क शीतल पलाश शरबत, छाछ का वितरण किया जा रहा है। यही नहीं, जलसेवा केन्द्र के माध्यम से प्यासों को शीतल जल उपलब्ध कराया जा रहा है। योग वेदांत सेवा समिति के प्रवक्ता रामा भाई ने बताया कि आज विश्व के सामने खड़ी अनेक समस्याओं का समाधान समाज की निःस्वार्थ भाव से सेवा करने से ही संभव है। सद्गुरुदेव के अवतरण-दिवस को 'विश्व सेवा-सत्संग दिवस के रूप में पिछले कई साल से साधक परिवार मनाता आ रहा है।

# रिटेल दवा दुकानों से भी होम डिलीवरी की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

ऑनलाइन फार्मेसी की वजह से प्रभावित दवा कारोबार को बचाने के लिए रिटेल दवा व्यापारियों ने भी व्यवसाय के तरीके में बदलाव कर दिया है। दवा की खरीदी पर अब लोगों को होम डिलीवरी की सुविधा दी जा रही है। दवा व्यापारियों के संगठन द्वारा सभी दुकानदारों को इसे लागू करने कहा गया है।

दवा कारोबारियों द्वारा ऑनलाइन फार्मेसी का लगातार विरोध किया जा रहा है। उनका तर्क है कि इसकी वजह से काफी समय से चला आ रहा दवा कारोबार प्रभावित हो रहा है। फार्मेसी कंपनियां ऑनलाइन आर्डर पर संबंधित दवा घर पहुंचाकर लोगों को उपलब्ध कराती हैं, जिसे अब दवा व्यापारी भी अपनाने लगे हैं। रिटेल दवा कारोबारियों को संगठन द्वारा घर पहुंचकर दवा सप्लाई की सुविधा ग्राहकों को दिए जाने पर जोर दिया गया है। साथ ही दवा दुकानों में ग्राहकों को अनावश्यक इंतजार से बचाने और गर्मी के दिनों पानी की व्यवस्था करने पर जोर दिया जा रहा है। कारोबारियों को अपनी दुकानों के सामने होम डिलीवरी की सुविधा का जिक्र करने भी निर्देशित किया गया है, ताकि आने वाले ग्राहक इसकी सुविधा ले सकें।

### ज्यादा सुविधा देने प्रयास

*ग्राहकों को ज्यादा सुविधा देने का प्रयास किया जा रहा है। ऑनलाइन फार्मेसी की तरह रिटेल कारोबारियों द्वारा भी अब लोगों को घर पहुंच दवा उपलब्ध कराई जा रही है।*

- **संजय रावत, अध्यक्ष,** रायपुर जिला दवा विक्रेता संघ

### बड़ी संख्या में दवा दुकान

*सूत्रों के अनुसार राजधानी समेत प्रदेश में कोरोनाकाल के बाद बड़ी संख्या में दवा दुकानें खोली जा रही हैं। एक आंकड़े के अनुसार केवल राजधानी में एक हजार से अधिक छोटी-बड़ी दवा दुकानों का संचालन किया जा रहा है। बड़ी दवा दुकानों में आर्डर पर जरूरतमंदों को घर पहुंचाकर दवा उपलब्ध कराने की सुविधा दी जा रही है।*

# पलायन करने वाले श्रमिकों को मिल रहा है राशनकार्ड पोर्टिबिलिटी का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

केंद्र सरकार की योजना वन नेशन वन राशनकार्ड का लाभ उन लोगों को आसानी से मिल रहा है जो रोजी-रोटी कमाने के लिए छत्तीसगढ़ से दूसरे स्थानों या राज्यों में जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ से पलायन करने वाले जिलों में रायपुर, महासमुंद, कोरबा, जाजंगीर-चांपा, बस्तर और दुर्ग, सरगुजा शामिल है। खास बात ये है कि इन जिलों में पोर्टिबिलिटी के माध्यम से राशन लेने वालों की संख्या अन्य जिलों के मुकाबले अधिक है।

छत्तीसगढ़ में राशन कार्ड पोर्टिबिलिटी के आधार पर राशन कार्ड से दूसरे स्थानों की सरकारी राशन दुकानों से राशन लेने की सुविधा का लाभ अप्रैल में 27 हजार 761 लोगों ने उठाया है। खाद्य विभाग के रिकार्ड के मुताबिक प्रदेश के सभी जिलों में ऐसे लोग मौजूद हैं जो इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। जिन जिलों में सबसे अधिक लोगों ने लाभ उठाया है उनमें रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, कोरबा, जाजंगीर चांपा, और सरगुजा प्रमुख है। खास बात ये है कि इन्ही जिलों से श्रमिकों का पलायन भी सबसे अधिक संख्या में हुआ है। इस आधार पर माना जा रहा कि पलायन करने वाले श्रमिकों को केंद्र सरकार की इस योजना का लाभ मिल रहा है।



### देश के किसी भी राज्य में ले सकते हैं राशन

राशन कार्ड पोर्टेबिलिटी से एक राशन कार्ड पर दूसरे राज्य में भी राशन मिलने की सुविधा मिलती है। वन नेशन वन राशन कार्ड योजना में शामिल राज्यों के कार्ड धारक राशन कार्ड पोर्टेबिलिटी का लाभ उठा सकते हैं। वन नेशन वन राशन कार्ड स्कीम शुरू होने से कार्डधारक पूरे देश में कहीं से भी अपनी सुविधा से राशन ले सकते है। मतलब साफ है कि कार्ड धारक के लिए किसी भी तरह की सीमा या नियमों का बंधन नहीं होगा और वह किसी भी राज्य में राशन खरीद सकता है।

# खेड़ा की टिप्पणी से बढ़ी हलचल, ढूंढे जा रहे मायने

रायपुर। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता और लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की मीडिया प्रभारी राधिका खेड़ा ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट की है, उससे हलचल बढ़ गई है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा है कि कौशल्या माता के मायके में बेटी सुरक्षित नहीं है। पुरुषवादी मानसिकता से ग्रसित लोग आज भी बेटियों को पैरों तले कुचलना चाह रहे हैं, करूंगी खुलासा। उनकी पोस्ट को लेकर यह कहा जा रहा है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की मंगलवार को छत्तीसगढ़ में चुनावी सभा थी। वे रायपुर से जांजगीर-चांपा जिले जाने वाले थे। वे यहां से 1 बजे के करीब निकलने वाले थे, उसके पहले लगभग 1 घंटे का समय था, उसमें पत्रकारों से चर्चा की योजना बनाई गई। पीसीसी संचार विभाग ने सूचना भी जारी कर दी। बाद में यह पत्रकारवार्ता रद्द कर दी गई। कांग्रेस के पदाधिकारियों से इसे लेकर उनका विवाद हो गया। बताया जाता है कि श्री खड़गे का जो कार्यक्रम जारी हुआ था, उसमें जांजगीर के कार्यक्रम का ही जिक्र था। देर शाम राधिका खेड़ा ने एक्स पर जो पोस्ट डाली, उसके संबंध में लोगों का मानना है कि उन्होंने अपनी निजी भावनाओं को व्यक्त किया है। छत्तीसगढ़ में महिलाओं की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर कोई खुलासा होगा, इसे जोड़कर भी देखा जा रहा है।



# कुएं से पानी निकालते पैर फिसला, महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

कुंए में गिरकर डूबने से एक महिला की मौत हो गई। घटना मंगलवार को सुबह करीब 10.30 बजे आजाद चौक थाना क्षेत्र के अवधियापारा की है। बताया जा रहा है कि महिला अपने बच्चे को नहलाने के लिए कुंए से पानी निकाल रही थी। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह कुंए के अंदर जा गिरी, जिससे उसकी पानी में डूबने से मौत हो गई।

- आजाद चौक थाना क्षेत्र के अवधियापारा की घटना

आजाद चौक पुलिस के अनुसार रितु शर्मा ने सुबह करीब 10.30 बजे अपने 6 वर्षीय इकलौते पुत्र को नहाने के लिए कहा। घर की टंकी का पानी तेज धूप के कारण गरम हो गया था, जिसके कारण बेटे ने ठंडा पानी मांगा। रितु इसके बाद घर के चंद कदम दूर स्थित सार्वजनिक कुंए से पानी भरने गई। कुंए की बाउंड्री पर चढ़कर बाल्टी से पानी खींच रही थी। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह कुंए में जा गिरी। घटना के दौरान रितु का बेटा मौके पर ही मौजूद था। उसने तुरंत अपनी मां को बचाने के लिए शोर मचाया, जिसे देखकर आसपास मोहल्लेवासी वहां पहुंच गए, लेकिन वे कुछ कर नहीं पाए। बताया जा रहा है कि रितु को तैरना नहीं आता था, इसलिए कुंए में गिरते ही वह पानी के अंदर चली गई। इधर वहां मौजूद लोग कुंए में कूदकर उसे बचाने का साहस नहीं कर पाए। हालांकि लोगों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। पुलिस को पहुंचने में भी करीब 20 मिनट लग गए, तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने इसके बाद गोताखोरों की मदद लेकर महिला के शव को कुंए से बाहर निकालकर पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



## खबर संक्षेप

### बेटे ने अपने पिता को हंसिया से मारा, हाथ में आई चोट

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली अंतर्गत ग्राम बम्हनी में बेटे ने अपने पिता के ऊपर हंसिया से हमला कर दिया। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। घटना को लेकर प्रार्थी प्रभुराम साहू पिता बृजलाल साहू निवासी वार्ड नं0 04 बजरंग पारा बम्हनी ने पुलिस को बताया कि 29 अप्रैल की रात लगभग 10 बजे घर पर ही बैठा था। इसी दौरान मेरा बड़ा बेटा महेंद्र साहू अपनी पत्नी के साथ गाली गलौज कर रहा था, जिसे मैने मना किया, तब आरोपी ने तुम कौन होते हो मना करने वाले, दारू पीने के लिए पैसा मांगता हूं तो नहीं देते हो, कहते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। साथ ही सब्जी काटने वाले लोहे के धारदार हंसिया से वार कर दिया। जिससे मेरे बांये हाथ की हथेली के बगल व छोटी उंगली में चोट लगी है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 324, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### शक्की पति ने कर दी पत्नी की हत्या, बसना थाने में रिपोर्ट दर्ज

**महासमुंद।** चरित्र पर शंका करने वाले पति ने अपनी पत्नी से विवाद करते हुए उसकी हत्या कर दी। मामला जिले के बसना थाना क्षेत्र का है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है। बसना टीआई ने बताया कि 29 अप्रैल को सूचना मिली कि छुईपाली स्थित आशाराम भास्कर के फार्म हाऊस में एक महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो गई है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम उक्त फार्म हाउस पहुंची जहां वह महिला अपने कमरे में मृत अवस्था में पड़ी थी और उसके शरीर पर चोटों का निशान थे। पूछताछ में मृतक महिला का नाम गंगाबाई चौहान पति ताराचंद चौहान (30) निवासी बहुलीडीह थाना बरमकेला जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ हाल मुकाम आशाराम भास्कर का फार्म हाउस छुईपाली होने की जानकारी मिली। इस मामले में मर्ग कायम जांच शुरु की गई और गंगाबाई चौहान का पोस्टमार्टम कराया गया।
पूछताछ में पुलिस को महिला के पिता श्याम कुमार चौरान पिता शोभाराम चौहान ने बताया कि गंगाबाई चौहान उसकी बड़ी बेटी है, जिसका विवाह साल 2010 में ताराचंद चौहान पिता फूलसाय चौहान (35) निवासी बहुलीडीह थाना बरमकेला के साथ में हुआ है कि विगत दो माह पहले बेटी गंगाबाई एवं दामाद ताराचंद आशाराम भास्कर के फार्म हाउस ग्राम छुईपाली में आकर रोजी मजदूरी कर रहे थे और फार्म हाउस में ही रहते थे। मैं 29 अप्रैल को काम करने सारंगढ़ गया था, जहां पर शाम 04 बजे मुझे दामाद ताराचंद के भाई राजकुमार ने फोन करके बताया कि गंगाबाई की तबियत खराब है, हम लोग देखने जा रहे हैं कहते हुए हमें भी बुलाया। इसकी सूचना पाकर मैं अपने साले कामता चौहान एवं छोटे दामाद सम्राट के साथ बेटी गंगा को देखने पहुंचा। बेटी गंगाबाई अपने घर के कमरे में मृत अवस्था में थी। उसके शरीर में मारपीट से हाथ,पैर, नाक, गाल में चोट का निशान था। दामाद ताराचंद को जब गंगाबाई चौहान के मृत्यु के एवं चोटों के बारे में पूछा गया तो उसने कोई जवाब नहीं दिया।

# भजन-कीर्तन के साथ निकाली जा रही प्रभात फेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा राजिम

नगर कंसारी समाज के तत्वावधान में प्रतिदिन सुबह 4:30 बजे से नगर के मध्य में विराजमान श्री सत्यनारायण मंदिर से प्रभात फेरी निकाली जा रही है। समाज की भजन मंडली के द्वारा भजन कीर्तन के साथ ही यह प्रभात फेरी नगर के प्रमुख मार्गो सदर रोड, गंज रोड होते हुए वापस मंदिर में आकर समाप्त होती है। समाज के युवा प्रभात फेरी में अपनी सहभागिता प्रदान कर रहे हैं। समाज के युवा संगठन के अध्यक्ष गोविंदा कंसारी ने बताया कि पूरा त्यौहार वैशाख महीने में पड़ रहा है वैशाख मास को पुण्य महीना मानते हुए पूरे वैशाख महीने भर यह प्रभात फेरी निकाली जाएगी। श्री सत्यनारायण मंदिर (कंसारी समाज ) से निकाली जा रही प्रभात फेरी में नंद कुमार कंसारी, लालजी कंसारी ,रमेश कंसारी, गोविंद कंसारी, संतोष कंसारी, तुकाराम कंसारी,रोहित कंसारी, राम कंसारी, मिथिलेश कंसारी, विक्की कंसारी, सहित अन्य लोग शामिल है।



**प्रवेश प्रक्रिया :** ऑफलाइन और ऑनलाइन आवेदन कर रहे पालक

# आत्मानंद स्कूल में पहली के 480 सीटों के लिए 831 से ज्यादा फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- 5 मई है आवेदन की आखिरी तारीख, 10 मई तक लॉटरी निकालकर होगा प्रवेश

जिले के सभी स्वामी आत्मानंद स्कूलों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। जिला, ब्लाक मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र के 12 स्वामी आत्मानंद स्कूलों में कक्षा पहली में 480 सीटों पर प्रवेश के लिए 19 दिन में करीब 900 आवेदन मिल चुके हैं। सभी स्कूल में वर्तमान में कक्षा पहली के लिए 50 सीटें निर्धारित है। शिक्षा विभाग के अनुसार पालक ऑफलाइन की तुलना में सेजेस के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन ज्यादा कर रहे हैं।

10 अप्रैल से ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन करने का सिलसिला शुरू हुआ है। तब से अब तक रोजाना पालक ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन कर रहे हैं। जिसके चलते आवेदनों की संख्या बढ़ने का अनुमान है।



### सीट से दोगुनी-तिगुनी अर्जी

उप संचालक शिक्षा सतीश नायर ने बताया कि कक्षा पहली में प्रवेश के लिए कुल 184 आवेदन मिल चुके हैं। 5 मई तक आवेदनों की संख्या 200 या इससे ज्यादा पहुंचने का अनुमान है। जिला मुख्यालय के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में कक्षा पहली में निर्धारित 50 सीट के लिए 184 आवेदन मिल चुके हैं। जो निर्धारित सीट की तुलना में चार गुणा है।

### ले रहे ऑफलाइन आवेदन

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कक्षा पहली में प्रवेश के लिए उम्र को प्रमाणित करने के बाद ऑफलाइन आवेदन लिया जा रहा है, ताकि बाद में पात्रता अनुसार प्रवेश प्रक्रिया पूरी हो सके। कक्षा पहली में प्रवेश के लिए विद्यार्थी की आयु 31 मई 2024 की स्थिति में 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के बीच होनी चाहिए। उम्र की बंदिशें हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों माध्यम स्कूल के लिए लागू रहेगी।

### आवंटन 10 मई तक

जानकारी के मुताबिक आवेदनों का सत्यापन स्कूल स्तर पर होने के बाद 10 मई तक लॉटरी निकालकर सीटों का आवंटन किया जाएगा। विद्यार्थी एक विद्यालय के लिए ही आवेदन कर सकेगा। विद्यालय में पूर्व से ही अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों को अगली कक्षा के लिए आवेदन नहीं करना पड़ेगा। वहीं, महतारी दुलार योजना अंतर्गत कोरोना महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी।

# कलेक्टर ने किया सरायपाली में गौरव पथ का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर प्रभात मलिक बुधवार को सरायपाली के दौरे पर थे। उन्होंने यहां चल रहे गौरव पथ निर्माण की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। कलेक्टर मलिक ने संबंधित को गुणवत्ता और समय सीमा को ध्यान में रखते हुए कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए ।उन्होंने कहा कि दिए गए तय सीमा में कार्य पूर्ण होना सुनिश्चित हो।इस दौरान उन्होंने यहां अन्य विकास कार्यों की जानकारी ली ।

उन्होंने कहा की निर्माणधीन विकास कार्यों को तय समय सीमा में पूर्ण करें। इस दौरान सरायपाली अनुविभागीय अधिकारी ओम्कारेश्वर सिंह एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।



# युवाओं को कर रहे जागरुक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

लोक आस्था सेवा संस्थान के द्वारा युवाओं के नेतृत्व क्षमता विकास एक दिवसीय प्रशिक्षण गरियाबंद में आयोजित किया गया।

जिसमें जिले के भुंजिया जनजाति के युवा वर्ग व जाति समाज के प्रमुख शामिल रहे। संस्थान के अध्यक्ष हेम नारायण मानिकपुरी व संस्था सचिव लता नेताम ने बताया कि समाज के विकास व उत्थान के लिए युवा वर्ग का योगदान महत्वपूर्ण है। भुंजिया जनजाति शासन द्वारा संरक्षित है और शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी के अभाव में उन तक पहुंच ही नही बन पाती। भुंजिया जनजाति शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी अभी बहुत पीछे है। इसीलिए हम युवाओं को जागरुक कर रहे हैं। कोबो कलेक्ट ऐप के माध्यम से सर्वे की जानकारी दी गई। जिसमें जाति प्रमुख गणेश राम, जगदेव व युवा वर्ग में ईश्वर, रंज कुमार, शंकर लाल, शिवप्रसाद, मुकेश, गुमान सिंह, संतोष कुमार, भूखन सिंह शामिल रहे।

# बृजमोहन के जन्मदिन पर विधायक ने बांटी मिठाई



**अभनपुर।** रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल का जन्मदिन अभनपुर नगर सहित विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवो मे केट काटकर मनाया गया। उनकी दीर्घायु के लिए मंदिरो मे भी पूजा अर्चना की गई क्षेत्र का ऐसे पहले जनप्रतिनिधि है जिनका अभनपुर क्षेत्र के प्रायः सभी गांवो मे जन्मदिन की उपलक्ष्य मे केक काटकर लोगो ने खुशियां मनाई कई जगहो मे स्टॉल लगाकर बूंदी सेव का वितरण किया गया। अभनपुर बस स्टैण्ड मे विधायक इन्द्रकुमार साहू द्वारा केक काटकर लोगो को फल मिष्ठान वितरण किया गया। गुरूद्वारा के समीप,शीतला माता मंदिर,चंपेश्वर महादेव आदि स्थानो मे बीजेपी के प्रमुख कार्यकर्ता,पदाधिकारी जन्मदिन की खुशियो मे शामिल रहे।

# रेत के निर्बाध अवैध उत्खनन पर शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रेत खदानों में अवैध उत्खनन थमने का नाम नहीं ले रहा। प्रतिबंधित समय में लगातार हो रहे रेत उत्खनन पर नेता अधिकारी सभी मौन साधे हैं। मामला है ग्राम बरबसपुर का जहां रात में अवैध तरीके से रेत उत्खनन जोरों पर है। शिकायतकर्ता जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू ने बताया कि शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही है।



# लोकेश को मिला गौरव सम्मान

**गरियाबंद।** परिक्षेत्र साहू संघ कोपरा द्वारा कर्मा जयंती व सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को सामाजिक गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में लोकेश साहू पिता प्रताप साहू कक्षा 12वी में 65.2% अंक अर्जित किया। इस पर परिक्षेत्र साहू संघ कोपरा द्वारा लोकेश साहू रजत पदक, प्रशस्ति पत्र और 500रुपए नगद राशि से सम्मानित किया। और उज्जवल भविष्य का कामना किया गया। कर्मा जयंती व सम्मान समारोह के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधानसभा विधायक रोहित साहू, गोवर्धन शरणऔर विशिष्ट अतिथि भुनेश्वर साहू छत्तीसगढ़ साहू संघ उपाध्यक्ष के अलावा और तहसील साहू संघ और विभिन्न परिक्षेत्र के पदाधिकारी और साहू संघ कोपरा परिक्षेत्र के पदाधिकारीगण और समाज के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।



# दूल्ला शाला का परीक्षा परिणाम जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दूल्ला में प्राचार्य प्यारेलाल धृतलहरे, प्रधान अध्यापिका वसुंधर साहू, शिक्षक चन्दुराम बघेल, भूपेंद्र कुमार सोनी की मौजूदगी में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।

इस दौरान प्रत्येक कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विधार्थियों को शिक्षक चंदूलाल बघेल द्वारा टीफिन बाक्स दिया गया। श्री बघेल ने सभी विद्यार्थियों के सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की गई। प्रधान अध्यापिका वसुंधर साहू ने बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमेशा अपने माता-पिता सहित गुरूओ का नाम गर्व से ऊंचा बनाऐ रखना। इसी कड़ी में शिक्षक भूपेंद्र कुमार सोनी ने कहा कि स्कूल के समस्त स्टाफ भरसक प्रयास कर बच्चों के भविष्य और सर्वांगीण विकास में अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं। जिसके फलस्वरूप बच्चों का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा।

### नलों से पानी चोरी रोकने सुबह-शाम आधे घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**महासमुंद।** गर्मी को देखते हुए पालिका द्वारा प्रतिदिन 3 टाइम जलापूर्ति की जा रही है। बावजूद इसके पानी चोरी पर लगाम नहीं लग पा रहा है।
इसके चलते अन्य उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसे ध्यान में रखते हुए पालिका की मांग पर पूरे गर्मी भर शहर के इमली भाठा, नयापारा और पिटियाझर क्षेत्र में प्रतिदिन सुबह-शाम जलापूर्ति के समय आधे घंटे के लिए विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग और सीएमओ टॉमसन रात्रे ने बताया कि शहर में गर्मी बढ़ने के साथ पानी की चोरी भी लगातार बढ़ती जा रही है। जिसके चलते अन्य उपभोक्ताओं को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है। जलापूर्ति को लेकर लगातार पालिका को मिल रही शिकायतों को दूर करने पालिका ने पानी चोरी रोकने के लिए जलापूर्ति के समय विद्युत आपूर्ति बाधित करने का निर्णय लिया है।

# नियम विरुद्ध बन रहा आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

प्रधानमंत्री आवास निर्माण योजना के तहत बनाए जा रहे आवासों में कहीं जिम्मेदारों की मिली भगत से जमकर मनमानी की जा रही है तो कहीं-कहीं जनमन से स्वीकृत हितग्राही, शासन को गलत जानकारी देकर नियम विरुद्ध आवास बनारहे हैं।

ग्राम पंचायत छुईहा निवासी दूसरे ग्राम पंचायत कुण्डेल में आवास बना रहे हैं। इसकी जानकारी मिलने पर सरपंच ग्राम पंचायत कुण्डेल रामेश्वरी सिन्हा, उप सरपंच रेख राम ढीढी ने आपत्ति की अर्जी जनपद पंचायत फिगेंश्वर, तहसीलदार फिगेंश्वर, थाना फिगेंश्वर में 1 मई को लगाई है। उन्होंने कहा राजस्व खसरा नंबर 113 ग्राम पंचायत कुण्डेल का भूभाग है। जिस पर गणेशिया बाई पहाड़िया कमार स्वीकृत आवास बना रही है जो घोर आपत्तिजनक है। वही सरपंच ग्राम पंचायत छुईहा गजेश्वर सिन्हा ने कहा गणेशिया बाई पहाड़िया छुईहा के नाम से जनमन आवास स्वीकृत है। जहां जीयो ट्रेकिंग किया है वहीं आवास बनाए जाय।

वर्तमान में कुण्डेल राजस्व स्थल में बनाया जा रहा दोनों निर्माणाधीन मकान न तो नक्शा के अनुरूप बन रहे हैं और न ही उनकी अनुमति ली जा रही है। सरपंच छुईहा, कुण्डेल ने मुख्यकार्यपालन अधिकारी फिगेंश्वर को वस्तुस्थिती की जानकारी दे दी गई है। जिस पर मुख्यकार्यपालन अधिकारी फिगेंश्वर अजय पटेल ने रोजगार सहायक को स्थल मुआयना के लिए भेजा है। उसने हितग्राही को बता दिया है की आपका आवास जीयो ट्रेकिंग से अलग जगह बन रहा है, यह नियम विरुद्ध है।



## पेज 9 के शेष

### कर्ज उतारने 6 माह से...

विकास खंड में अभी भी 1300 से ज्यादा मजदूर पलायन किए हुए हैं, लेकिन जिला पंचायत में मौजूद सरकारी आंकड़े में इसकी संख्या 340 है। मैनपुर से विकासखंड से लगभग 1700 ग्रामीण पलायन कर चुके हैं। सालों से कमाने बाहर जा रहे, कुछ परिवार के सदस्य वापस ही नही आए, मजदूर दिवस पर आज हम उन्हीं लाचार परिवार के अनसुनी दास्तां बयां कर रहे हैं।

**गुमशुदगी बनी मिस्ट्री :** धौराकोट में रहने वाला 26 साल का बाबूलाल 16 मार्च 2017 को अपने ही शादी का कार्ड बांटने घर से निकला था। बाहरी दुनिया से अनजान सीधा-साधा यह युवा फिर घर नही लौटा। पिता सहदेव अपने इकलौते बेटे को ढूंढता रहा। 30 मार्च 2017 को मजदूर परिवार ने बेटे की गुमशुदगी की रिपोर्ट भी लिखाई, मोबाइल का अंतिम लोकेशन घर से 10 किमी दूर गाड़ाघाट बताया। लेकिन आज भी पुलिस की जांच जारी है। इकलौते बेटे के वियोग में मजदूर दंपत्ति का रो-रो कर बुरा हाल है। मजदूर बेटे की गुमशुदगी अब भी मिस्ट्री बना हुआ है।

**जिनकी लाशें घर आई :** ज्यादा मजदूरी के लालच में फंस पलायन करने वाले कई मजदूर ऐसे है जो कमा कर पैसे तो लाए नही पर उनकी लाशें घर लौटी। मूंगझर निवासी 29 वर्ष का संतोष प्रधान हैदराबाद में काम करने के दौरान 2023 में हुए सड़क एक्सीडेंट में मृत हो गया। झरगांव निवासी 23 वर्षीय अनंत राम अपने माता पिता का इकलौता संतान था, काम करने चेन्नई गया था। 2023 में सड़क हादसे में मौत हो गई। इसी गांव का रहने वाला 35 साल का मजदूर नूनकरण पाथर 2019 चेन्नई से 20 किमी पहले सेलुरपेट स्टेशन में पानी लेने उतरा फिर चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में जान गंवा बैठा। केस लड़ने मृतक के पत्नी के पास पैसे नही थे लिहाजा रेलवे का मुआवजा भी नही मिला।

**1 लाख का कर्ज उतारने गए आंध्रा:** खुटगांव निवासी अरूपानंद प्रधान पिछले 6 माह से आंध्र के एक ईंट भट्ठे में पत्नी के साथ काम कर रहा है। साथ में दूधमुंहा बच्चा भी है। दो बेटियों को अपने रिश्तेदार के घर छोड़ा हुआ है। बताते है की पीएम आवास को बड़ा बनाने अरूपानंद ने एक मजदूर दलाल से एक लाख रूपए एडवांस उठाया, मकान का प्लास्टर बाकी था। कर्ज उतारने का भी तकादा हो रहा था, इसलिए दलाल के मार्फत पत्नी के साथ आंध्र के एक ईंट भट्ठे में काम कर रहा है। इन 6 माह में दंपत्ति दिन-रात काम कर रहे पर उनका लिया कर्ज नही उतर रहा।

एलएन मिंज जिला श्रम पदाधिकारी गरियाबंद ने बताया कि लापता मजदूरों के संबंध में किसी भी प्रकार से कोई लिखित जानकारी परिजनों की ओर से नही आई है। परम्परागत तरीके से कई सालों से काम करने जा रहे मजदूरों को पंचायत के माध्यम से विभाग जागरूक करने की कोशिश करते आ रही है। जाने से पहले उन्हें पंचायत में मौजूद पलायन पंजी में सारे आधारभूत जानकारी उल्लेख कराना चाहिए। खुद के मोबाइल नंबर से लेकर जिसके माध्यम से जंहा जा रहे उसकी जानकारी होनी चाहिए। साल भर पहले एक एप भी बनाया गया था जिसमें मोबाइल नंबर पंजीयन कर मजदूरों की मॉनिटरिंग करने का उद्देश्य था। पर जागरूकता के अभाव में मजदूर अपेक्षा से कम जुड़े। पिछले एक साल में हमने बंधक बनाए मजदूर के 30 केस को हैंडल किया है। जानकारी के अभाव में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अब तक 250 मजदूरों को पुनर्वास योजना का लाभ दिया जा चुका है।

Health Town
डॉ. टाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD| मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टॉसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### पुष्पा और ओम रहे प्रथम



**छुईहा बेलर।** हायर सेकंडरी स्कूल बिजली की वार्षिक परीक्षा परिणाम कक्षा 9 वीं एवं 11 वीं प्राचार्य ने घोषित कर दिया गया है। प्राचार्य मेघा ठाकरे ने कहा कक्षा 11वीं का परीक्षा परिणाम 77%रहा है। जिसमें कक्षा में प्रथम स्थान पुष्पा साहू पिता हुलास राम 90.6% गणित संकाय, वहीं कक्षा 9वीं में प्रथम स्थान ओमकुमार पिता मनहरण लाल 87.66% है।

### भाजपा में शामिल भट्टर का बृजमोहन ने किया स्वागत

**अभनपुर।** अभनपुर के वरिष्ठ कांग्रेसी प्रतिष्ठित समाजसेवी कचरू लाल भट्टर बृजमोहन अग्रवाल के जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की । मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने गमछा पहनाकर भाजपा मे प्रवेश कराया। कचरू लाल भट्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियो व उनके राष्ट्रप्रेम एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण तथा भारतीय जनता पार्टियो की नीति से प्रेरित होकर भगवान श्रीराम को साक्षी मानते हुये सनातन धर्म के विकास के लिए पूरी आस्था के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण किया है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** तेंदूकोना पुलिस ने बेलडीह मार्ग ग्राम बुंदेली से आरोपी किशन पिता सुखसाय ठाकुर (49) के कब्जे से 7000 एमएल महुआ शराब कीमत 1400 रुपए को बरामद किया है। धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### फांसी लगाकर दो लोगों ने की आत्महत्या

**महासमुंद।** जिले के बागबाहरा और सरायपाली थाना अंतर्गत फांसी लगाकर दो लोगों की मौत का मामला सामने आया है। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि कल्याणपुर बागबाहरा में ओमप्रकाश ठाकुर पिता बाबूलाल ठाकुर (20) ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं सरायपाली पुलिस ने बताया कि लुकापारा अटल आवास के पीछे रहने वाले चंद्रकुमार चंद्रा पिता रामगोपाल निवासी उजभिट्ठी सारंगढ़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### जहर सेवन से महिला युवक की मौत

**महासमुंद।** जहर सेवन के बाद इलाज के लिए महासमुंद के निजी अस्पताल में भर्ती एक महिला की मौत हो गई। पटेवा पुलिस ने बताया कि सुबोतिन बाई यादव पति गेंदराम (46) ने 18 जनवरी को अज्ञात कारणों से जहर सेवन कर लिया था। इसके बाद उसे महासमुंद के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। वहीं दूसरे मामले में कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम टोंगोपानी निवासी चंद्रहास ठाकुर पिता नरेश ठाकुर (18) ने जहर सेवन कर लिया। जिसे इलाज के लिए महासमुंद के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई।

## बृजमोहन को दीर्घायु करें महादेव

**नवापारा-राजिम।** केबिनेट मंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में नवापारा क्षेत्र के मातृशक्तियों ने चंपारण पहुचकर चंपेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रानी पटेल, नंदनी साहू, टीकम साहू सहित अनेकों मातृशक्तियां शामिल थी।





## नेहा ने दी बृजमोहन को बधाई

**मैनपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के जन्मदिन के अवसर पर जनपद पंचायत देवभोग की अध्यक्ष श्रीमती नेहा सिंघल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता रायपुर पहुंचकर उनके निवास में केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया और बधाई दी। इस दौरान मंत्री श्रीअग्रवाल के दीघार्यु एवं स्वस्थ्य जीवन की कामना की गई। इस मौके पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता असलम मेमन एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा नेताओं ने बृजमोहन को दी बधाई



**राजिम।** केबिनेट मंत्री एवं रायपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को जन्मदिन की बधाई देने राजिम के पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर, अशोक राजपूत, सोमप्रकाश साहू, सुशील साहू सहित अनेकों भाजपा कार्यकर्ता राजधानी रायपुर पहुंचे और श्री अग्रवाल को जन्मदिन की बधाई दी।

### राजापड़ाव गौरगांव सहित दर्जनों गांव की समस्या दूर करने 6 घंटे चली मैराथन बैठक

# उदंती अभ्यारण्य के अंदरुनी इलाकों में आज तक नहीं पहुंची बिजली और सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर अंतर्गत राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र के ग्राम पंचायत अड़गड़ी, शोभा, गोना, कुचेंगा, गौरगांव, गरहाडीह, कोकड़ी, भूतबेड़ा एवं उदंती अभ्यारण के अंदर बसे ग्राम पंचायत कोयबा, अमाड़ और साहेबिनकछार के ग्रामीण आजादी के 75 वर्षों बाद भी मूलभूत बुनियादी सुविधाओं को तरस रहे है। चुनाव बहिष्कार के ऐलान के बाद यहां पहुंचे अफसरों ने ग्रामीणों की समस्याओं के लिए बुधवार को बैठक की और ग्रामीणों की सभी समस्याओं को सुना और इन्हें दूर करने का आश्वासन दिया।

- चुनाव बहिस्कार की चेतावनी के बाद अफसरों की हुई बैठक
- 11 ग्राम पंचायतों की समस्याएं दूर करने लिए गए कई निर्णय

### गांवों में आज तक नहीं पहुंची सड़क

सड़क, पुल-पुलिया न होने के कारण बारिश के दिनों में क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को राशन व अन्य सामग्रियों के लिए मीलों पैदल चलना पड़ता है। स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, अस्पताल, पेयजल जैसे समस्याओं को लेकर लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर लोकसभा चुनाव से पहले ग्रामीणों ने बैठक कर चुनाव बहिष्कार का ऐलान कर दिया था। मतदान के दिन साहेबिनकछार क्षेत्र में दोपहर 1 बजे तक कोई भी मतदान करने नही पहुंचा। तब प्रशासन के अफसरों के काफी मान-मनौव्वल के बाद ग्रामीण मतदान करने निकले थे।



### एसडीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक

इसी क्रम में बुधवार को एसडीएम मैनपुर डॉ. तुलसीदास मरकाम की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक जनपद पंचायत सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें एसडीओपी पुलिस बाजीलाल सिंह, सीईओ सुश्री अंजली खलको, तहसीलदार जॉली जेम्स, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, वरिष्ठ आदिवासी नेता दैनिकराम मंडावी, अर्जुन नायक, रूपसिंह मरकाम, सरपंच कृष्ण कुमार नेताम, सरपंच रमुला बाई, बेलमती मांझी, अजय कुमार, भानबाई नेताम, सुनील मरकाम, दीनाचंद मरकाम, सखाराम, पुस्तम मांझी, पूर्व जनपद अध्यक्ष पुस्तम कपिल, जनपद सदस्य दीपक मंडावी, घनश्याम मरकाम एवं सभी 11 पंचायतो के सरपंच एवं वरिष्ठ नागरिकगण तथा ग्राम प्रमुख एवं सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### टाइगर रिजर्व के कारण एनओसी नहीं

बैठक में राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र के अलावा उदंती अभ्यारण के अंदर बसे साहेबिनकछार, अमाड़, कोयबा आदि ग्राम पंचायत में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, बिजली, पुल पुलिया, राशन आदि समस्याओं के समाधान के लिए विभागवार लगभग 6 घंटे तक मैराथन बैठक चला। जिसमें सभी विभाग के कार्यो की समीक्षा की गई और सभी मांगों को नस्तीबध्द किया गया। बैठक में पता चला कि टाईगर रिजर्व क्षेत्र होने के कारण अधिकांश निर्माण कार्यो में एनओसी नही मिल पाने से निर्माण कार्य नही हो पा रहे हैं। बैठक में सभी ग्रामो के समस्याओं को प्रस्ताव में लिया गया और इसे जिला कलेक्टर कार्यालय भेजकर विभागवार समाधान करने की बात कही गई है।

### जिला प्रशासन को कराया जाएगा अवगत

मैनपुर एसडीएम डॉ तुलसीदास मरकाम ने बैठक में कहा कि ग्रामीणों की सभी समस्याओं के निराकरण के लिए जिला प्रशासन को अवगत कराया जाएगा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, आदिवासी नेता जनपद सदस्य घनश्याम मरकाम, दीपक मंडावी, अर्जुन नायक, रूपसिंह मरकाम, दैनिक राम मंडावी सहित क्षेत्र के सरपंचो एवं जनप्रतिनिधियों ने बताया कि क्षेत्र के अधिकांश गांव में बिजली, स्वास्थ्य सुविधा, पुल-पुलिया, सड़क नही बन पाया है, स्कूलों में शिक्षक नही हैं। उदंती अभ्यारण क्षेत्र में बसे होने के कारण उन्हें तेन्दूपत्ता सहित अन्य वनोपज संग्रहण करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संग्रहण करने नही दिया जाता है जबकि दूसरे क्षेत्र के लोग यहां से पत्ता व अन्य वनोपज संग्रहण करके ले जाते है।

## विधायक जनक ध्रुव ने बासी खाकर मनाया मजदूर दिवस



**मैनपुर।** 1 मई अंर्तराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मैनपुर क्षेत्र में बोरे-बासी खाकर मजदूर दिवस मनाया। इस दौरान विधायक जनक ध्रुव बोरे बासी खाकर फोटो सोशल मीडिया में पोस्ट करते हुए कहा कि पूर्व कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति और खानपान को आगे बढ़ाने के लिए बोरेबासी तिहार की शुरूआत की, पिछले पांच वर्षो में छत्तीसगढ़ की संस्कृति को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। वहीं दूसरी ओर ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदू यादव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका कपिल, पूर्व प्रदेश प्रतिनिधि हेमसिंह नेगी, आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष खेदू नेगी, रामसिंह नागेश, डोमार साहू, टीकम कपिल सहित कांग्रेस नेताओं ने भी बोरेबासी खाकर मजदूर दिवस मनाया।

### बोरे-बासी खाकर मनाया श्रमिक दिवस

**नवापारा-राजिम।** श्रमिक दिवस के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा सहित अनेको कांग्रेसजन एवं श्रमिकों ने बोरे-बासी खाकर श्रमिक दिवस मनाया।



## रिटायर्ड प्रपा को विदाई देने समूचा गांव उमड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

शासकीय प्राथमिक शाला माहुलकोट के प्रधानपाठक शशिधर साहू के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह में पूरा गांव व क्षेत्र के लोग सैकड़ों लोगों ने उन्हें सम्मान विदाई दी। श्री साहू अपने उत्कृष्ट सेवा पूर्ण कार्य के लिए जाने जाते हैं और उनके द्वारा पढ़ाए गए छात्र-छात्राएं आज बड़े-बड़े पदो पर पदस्थ हैं। बुधवार को संकुल स्तरीय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें तेतलखुंटी, माहुलकोट से सैकड़ों की संख्या लोग शामिल हुए और सेवानिवृत्त प्रधान पाठक शशिधर साहू को शॉल, श्रीफल तथा प्रतीक चिन्ह देकर विदाई दी। इस दौरान ग्रामीणों ने रैली निकालकर 15 किमी दूर उनके निवास तक छोड़ा। मौके पर संकुल प्राचार्य टेकेन्द नाग, संकुल समन्वयक रूदेन पाडे,



चैतन्य चक्रधारी, सुंदर सिंह पाथर, लोकेश कश्यप, अवनीश पात्र, टिकम दुर्गा, टिकम धुर्वा, योगेन्द्र साहू, मेशकुमार साहू, धर्मेंद्र निषाद, प्रभा राम निषाद, श्रीमती रेखा परिहार, श्रीमती पुष्पा ठाकुर, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भेण्डरी स्कूल के परीक्षा परिणाम जारी

**राजिम।** भेण्डरी के शासकीय वीर शहीद बलराम सिंह ध्रुव स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 9वीं में 118 छात्राएं थी जिसमें से 70 फीसदी छात्र-छात्राओं उत्तीर्ण हुए। छात्र ताम्रध्वज 95.7 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर सर्व साक्षी 91.8 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान पर ईमान्सु 89.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कक्षा 11वीं कला संकाय में डिगेश्वरी 65.60%, भारती 58.60% डिम्पल 57.80% विज्ञान गणित संकाय 11वीं जयश्री 91 प्रतिशत मोनिषा 90.40%, कोशिकी 89 प्रतिशत प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय राकेश, 87.20% सेवती, 82.60% डेमिन 77.60% अंक प्राप्त किया। छठवीं में प्रथम स्थान नेकसिंह 90.16%, द्वितीय स्थान डेविड 80.66%, तृतीय स्थान रघुवीर 77.83। कक्षा सातवीं में प्रथम स्थान अमन यादव, द्वितीय स्थान फनेश्वर, तृतीय स्थान भूपेश साहू, आठवीं में प्रथम स्थान भूपेन 80.16, द्वितीय स्थान तेजेश्वर 79.33, तृतीय स्थान अखिलेश 76.83 प्रतिशत अंक रहे। प्राचार्य ज्योति बघेल ने उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को बधाई दी।



## स्वामी आत्मानंद स्कूल छुरा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**छुरा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेज़ी मध्यम विद्यालय छुरा में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें सभी बच्चों ने अपनी उत्कृष्टता का परिचय देते हुए शानदार परिणाम दिया।

प्राथमिक स्तर पर कक्षा पहली से कुमकुम वर्मा प्रथम, ईशा नायक द्वितीय एवं कुणाल सिंह ठाकुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह कक्षा दूसरी से लक्ष्य चंद्राकर प्रथम, अन्निरुद्ध निर्मलकर द्वितीय तथा भाविका साहू तृतीय, कक्षा तीसरी से हरीश कुमार पटेल प्रथम, खुशबू कंवर ने द्वितीय और कामेश कुमार साहू तृतीय, कक्षा चौथी में रामानंद वर्मा प्रथम, कीर्तिमान देवांगन द्वितीय, एकता वर्मा तृतीय, कक्षा पांचवी से हर्षा पटेल प्रथम, प्राची सोनी द्वितीय तथा हेमप्रभा साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

- बच्चों ने किया श्रेष्ठ प्रदर्शन, रिजल्ट देख पालक भी खुश

कक्षा छठवीं से टिआना साहू प्रथम, वैभव लक्की साहू द्वितीय और तनीषा सोनवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सातवीं से अदिति निर्मलकर प्रथम, प्रयाग कंसारी द्वितीय एवं गरिमा अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठवीं से योगिता ध्रुव प्रथम, धानिका मारकंडे द्वितीय तथा नंदिशा सोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा नौवीं से डुमेश्वरी यादव प्रथम, अक्षत जैन द्वितीय, कुमारी काजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा ग्यारहवीं से गीतिका सचदेव प्रथम, अनुज सारस्वत द्वितीय और श्रेया सचदेव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी टॉपर्स विद्यार्थियों को अंकसूची के साथ मेडल प्रदान करते हुए विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार मिश्रा, समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं एवं पालकों ने बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।



## सेवानिवृत्त शिक्षक को दी समारोहपूर्वक विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खुटेरी में पदस्थ शिक्षक पुनारद राम साहू के सेवानिवृत्ति पर शाला परिवार की ओर से सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। श्री साहू को बधाई देने वालों में ऋषि वल्लभ सेन प्रधान पाठक, हरीश लाल टांडे शिक्षक, गुलाबचंद साहू प्रधान पाठक, लोकेश्वरी साहू,माधुरी निषाद, समिति अध्यक्ष बिसरू राम निषाद, जीवराखन साहू, हेमलता निषाद, खेलावन साहू आदि शामिल थे।

## सशिमं के परीक्षा परिणामों की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

श्री बालाजी शिक्षण समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फिंगेश्वर सत्र 2023–24 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि रामु राम साहू, अध्यक्षता पूनम यादव, विशिष्ट अतिथि श्रीमती पदमा यदु एवं पूर्व बीईओ एचएल साहू थे।

कक्षा अरुण–गुंजन साहू 99.3 प्रतिशत प्रथम, दुर्गेश साहू 98.6 प्रतिशत द्वितीय एवं नीता विश्वकर्मा 98 प्रतिशत तृतीय एवं रौनक 98ः तृतीय। कक्षा उदय–अमित चक्रधारी 99.3 प्रतिशत प्रथम, नकुल साहू 98 प्रतिशत द्वितीय, पुष्पांजलि निषाद 96 तृतीय स्थान। कक्षा प्रथम–भूमिका साहू 96 प्रतिशत प्रथम रश्मि साहू 95.5



प्रतिशत द्वितीय, तृप्ति साहू 95 द्वितीय स्थान, खेमिका साहू 95 तृतीय स्थान। कक्षा द्वितीय–रिया निर्मलकर 99 प्रथम, धानी वर्मा 97 प्रतिशत द्वितीय,उमंग सेन 97 प्रतिशत द्वितीय,पूजा ध्रुव 95.5 प्रतिशत तृतीय।कक्षा तृतीय–चूड़ामणि साहू 97 प्रतिशत प्रथम, विनय कुमार साहू 94प्रतिशत द्वितीय, चंचल साहू 93.5 प्रतिशत तृतीय। कक्षा चतुर्थ– पियांशी साहू 91 प्रतिशत प्रथम,रूपाली साहू 90.5 द्वितीय,मुक्त चक्रधारी 87ः तृतीय स्थान।कक्षा पंचम गीतांजलि ठाकुर 96 प्रतिशत प्रथम,दानेंद्र कुमार वर्मा 95ः द्वितीय,हिमांशी यादव 95ः तृतीय।कक्षा षष्ठ–सिद्धार्थ निषाद 91ःप्रथम विक्की निषाद 85.3प्रतिशत द्वितीय दीपिका सिंह 83.3 तृतीय। कक्षा सप्तम–पूजा यादव 95ः प्रथम,पोमेस कुमार मारकंडे 94 प्रतिशत द्वितीय,ज्योति निशाद 90.5 तृतीय स्थान। अष्टम–जागृति साहू 89 प्रथम,सोनिया साहू 82.1 द्वितीय,सुमन साहू 81 प्रतिशत तृतीय स्थान।नम दावेश कुमार 94.66 प्रतिशत प्रथम,रोहन कुमार दीवान 94.5 द्वितीय,वीणा साहू 94.1 प्रतिशत तृतीय।कक्षा एकादश पुष्पांजलि साहू 93.2 प्रथम,निकिता प्रजापति 90 प्रतिशत द्वितीय एवं रोशनी यादव 89ः तृतीय स्थान प्राप्त किया की है। इस प्रकार विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम 92.91 प्रतिशत रहा।अतिथियों द्वारा सभी भैया बहनों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं। ये रहे उपस्थित– उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य दीपक शुक्ला, सुरेश यादव, जवाहर यादव, वृषभ,आस कुमार यादव, हरिश्चंद्र साहू, घनश्याम, नागेंद्र, महेश सिंहा, नागेंद्र, ममता ठाकुर, सुलोचना, नकेश्वरी, सुषमा हीरा, तोमेश्वरी, निरंजना आदि उपस्थित थे।

